अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 27 अक्तूबर 2017
amarujala.com

PAGE NO.: 11 MIDDLE LEFT

एसआरएमएस में जुटेंगे देश-विदेश के विशेषज्ञ

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट में शुक्रवार से तीन दिवसीय यूपी एपीकॉन और मेडिसिन अपडेट कांफ्रेंस शुरू होगी। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि एसजीपीजीआई लखनऊ, केजीएमयू, बीएचयू, एएमयू, हैदराबाद, लेडी हार्डिंग, एम्स के विशेषज्ञों के अलावा इंग्लैंड के हार्ट ऑफ बर्मिंघम से डॉ. राज चंद्रप्पा इस कांफ्रेंस में शिरकत करेंगे। तीन दिन तक नई बीमारियों, इलाज, दवाओं और समस्याओं पर चर्चा होगी। डॉ. निर्मल यादव ने बताया कि कांफ्रेंस की थीम स्टैंडर्ड केयर इन मेडिसिन है। इसमें जनरल मेडिसिन विभाग और एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस यूपी चैप्टर का सहयोग है। संभावना है कि 400 से अधिक लोग इसमें शामिल होंगे और पीजी छात्र अपने पेपर प्रेजेंट करेंगे। प्रेसवार्ता में डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, प्रो. शरद जौहरी, स्मिता गुप्ता शामिल रहीं।